# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–27 मार्च 2025 सान्ध्य समाचार

प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूरे होने के अवसर पर आज मिर्जापुर में आयोजित हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न विभागों की ओर से आयोजित विकास प्रदर्शनी का अवलोकन कर जनपद की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया। साथ ही, लोक कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किये। इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि मां विन्ध्यवासिनी के आशीर्वाद और डबल इंजन की भाजपा सरकार के प्रयासों से मिर्जापुर के विकास की गति कई गुना बढ़ चुकी है। उन्होंने कहा कि सरकार मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत पांच लाख रूपये तक का ब्याजमुक्त ऋण दे रही है। प्रदेश में चारो तरफ निवेश हो रहे हैं। उद्यमियों और व्यापारियों को उद्योग एवं व्यापार के लिये पूरा माहौल दिया जा रहा है। प्रदेश में एक्सप्रेस–वे और फोर लेन सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है तो जिलों के अन्दर की सड़कों को भी चौड़ा किया जा रहा है।

***जनता एक्सप्रेस–वे देश का सबसे बड़ा एक्सप्रेस–वे है यह एक्सप्रेस–वे अभी तक मेरठ से प्रयागराज के बीच में हमलोगों ने तय किया है कि हमलोग सर्वे करें और माँ विन्धवासिनी के धाम को जोड़ते हुए बाबा विश्वनाथ धाम को जोड़ते हुए इस एक्सप्रेस–वे को पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे के साथ जोड़ा जाए।***

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं से बातचीत में भी सरकार के आठ साल के सफर की उपलब्धियां बतायीं।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आयुष विभाग और गृह विभाग के लिए उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग एवं उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित दो सौ तिरासी चिकित्सा अधिकारियों और कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायकों को आज नियुक्ति पत्र वितरित किया। लखनऊ के लोक भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में नवचयनित अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की सेवा नारों या भाषणों से नही बल्कि ईमानदारी से अपने कर्तव्यो का निर्वहन करने से होती है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में अपनी सरकार के पिछले आठ वर्षो की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि हमने प्रदेश में साढ़े आठ लाख युवाओं को सरकारी नौकरियां दी है। मुख्यमंत्री ने आयुष विभाग के कार्यो की विस्तार से चर्चा की।

***उत्तर प्रदेश में तो आज के दिन तक हमलोगों ने सरकार आने के बाद एक आयुष विश्वविद्यालय की स्थापना का कार्य हमारा पूरा हो चुका है। वर्तमान में दो हजार एक सौ चौदह आयुर्वेद, दो सौ चौवन यूनानी, एक हजार पांच सौ पचासी होम्योपैतिक चिकित्सालयों का संचालन भी आज उत्तर प्रदेश के अंदर हो रहा है।***

**********

प्रदेश सरकार के आठ साल बेमिसाल  सेवा, सुरक्षा व सुशासन के तहत वाराणसी जिले में आयोजित तीन दिवसीय विभागीय प्रदर्शनी और परिचर्चा का आज समापन हो गया। प्रदेश सरकार में श्रम एवं सेवायोजन व समन्वय विभाग के मंत्री अनिल राजभर ने आयोजन में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पिछले आठ वर्षों में वाराणसी की धरती पर लगभग इकतालिस हजार करोड़ रुपये से अधिक के कार्य हुए हैं। इसी क्रम में प्रदेश के चित्रकूट, प्रतापगढ़ और श्रावस्ती समेत कई अन्य जिलों में भी कार्यक्रमों का आयोजन कर सरकार की आठ साल की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया।

**********

लखनऊ के मोहान रोड स्थित एक संस्था में तबीयत बिगड़ने से मानसिक मंदित चार बच्चों की मौत हो गई है। बीते दिनों रात के भोजन के बाद संस्था के करीब सत्तर बच्चों की तबीयत बिगड़ गई थी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एनबी सिंह ने बताया कि छियालिस बच्चों का इलाज संस्था परिसर में ही किया गया। हमारे प्रतिनिधि ने बताया कि अस्पताल में भर्ती कराए गए चौबीस बच्चों में से तीन बच्चों की सोमवार को मृत्यु हो गई थी, जबकि एक बच्चे ने आज दम तोड़ दिया। लखनऊ के जिलाधिकारी विशाख जी ने इन बच्चों के मृत्यु की पुष्टि करते हुए कहा है कि मामले की जांच कराई जा रही है।

**********

आज विश्व रंगमंच दिवस है। इस वर्ष का विषय है–रंगमंच और शांति की संस्कृति। एक विशेष बातचीत में रंगमंच कलाकार और बॉलीवुड के जाने–माने अभिनेता पुनीत तिवारी ने आकाशवाणी समाचार से अपने विचार साझा किए।

**थियेटर जीने की कला है। आप कैसे जीते हैं। उसमें हर चीज सीखना होता है। कोई एक चीज आप सीख लिये और उससे आपका विकास नहीं होता है। तो थियेटर आपको हर कुछ सीखने का मौका देता है और थियेटर में कोई रीटेक नहीं है जैसे आप कैमरे में कैद किये जा रहे हैं। फिल्म बनाया जा रहा है। तो आपको वहां पे रीटेक की संभावना है। थियेटर भी जीवन की तरह है जिसमें कोई रीटेक नहीं है।**

**********

पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर समेत कई अन्य जिले तेज धूप के साथ साथ आज पूरे दिन गरम हवाओं के प्रभाव में रहे। इस बीच, मौसम विज्ञान विभाग ने प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी इलाकों में दो अप्रैल तक मौसम के शुष्क रहने की संभावना जताई है। वहीं, कल और उन्तीस मार्च को बीस से तीस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज सतहीं हवाएं चलने का भी पूर्वानुमान है।

**********